>Title: Need to ensure proper maintenance of National Highway No. 80 passing through Bhagalpur, Bihar – Laid.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : अध्यक्ष महोदय, राट्रीय राजमार्ग सं0-80 अति संकीर्ण एवं जीर्ण-शीर्ण स्थिति में होने के कारण विशाल वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। 4-5 वा पूर्व इस पथ को राट्रीय राजमार्ग-80 में परिवर्तित किया गया है, लेकिन न तो इसका ि वस्तार किया गया है और न ही इस मार्ग मे पुराने पुलों की जगह नए पुलों का निर्माण हो रहा है, दूसरी ओर वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। आम लोगों की परेशानी काफी बढ़ रही है।

अतएव मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि भागलपुर में राट्रीय राजमार्ग-80 तथा इसके पुलों का निर्माण शीघ्र किया जाए तथा इस संबंध में की गयी कार्रवाई को सार्वजनिक किया जाये।